# प्रतिवेदन

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ कार्यक्रम

दिनांक: 31 अक्टूबर 2025

स्थान: कंप्यूटर विज्ञान संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को कंप्यूटर विज्ञान संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के संकल्प को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. कमल बुनकर के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

— कंप्यूटर विज्ञान संस्थान

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन


ADMISSION
OPEN
2025-26


ADMISSION
OPEN
2025-26